6.1.16 पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उपस्थित। वकील अपीलान्ट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र 022R4 सीपीसी पर बहस सुनी गई। रेस्पोंडेन्ट वकील ने इस पर कोई एतराज जाहिर नहीं किया अतः प्रार्थना पत्र 022R4 सीपीसी स्वीकार किया जाता है। पत्रावली वास्ते तामील शेष रेस्पोंडेन्ट दिनांक 21/16 को पेश हो।

21.1.16 पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलान्ट उपस्थित। वकील अपीलान्ट शेष रेस्पोंडेन्ट की तलबी हेतु समन तलबाना पेश करे। पत्रावली वास्ते पेश होने समन तलबाना व वास्ते बहस मंसूख प्रारूप दिनांक 8.2.16 को पेश हो।

3.2.16 पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उपस्थित। वकील अपीलान्ट को शेष रेस्पोंडेन्ट की तामील करवाने हेतु समन तलबाना पेश करने हेतु पूर्व में अवसर दिया गया है। अपीलकर्ता के समन तलबाना पेश करे। पत्रावली वास्ते तामील शेष रेस्पोंडेन्ट व वास्ते बहस मंसूख प्रारूप दिनांक 3.3.16 को पेश हो।

3.3.16 पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक संघ कोटपूतली द्वारा कोर्ट कार्य स्थगित रखा है। पत्रावली माननीय के आदेशानुसार दिनांक 10.3.16 को पेश हो।

10.3.16 पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उपस्थित। अपीलान्ट की ओर से जनाब वकील एक प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया कि प्रकरण को आगे अब नहीं चलाना चाहता है तथा प्रकरण अपील को खारिज किए जाने के आदेश प्रदान करने की कृपा करें। अपीलान्ट स्वयं प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं चाहते हैं। अतः अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

अतिरिक्त जिला कलक्टर
कोटपूतली (जयपुर)